# राजधानी में 5 फुटओवर ब्रिज बनेंगे

## टेंडर जारी, परिवहन विभाग करवाएगा निर्माण, सभी ब्रिज लिफ्ट से युक्त होंगे

### सुविधा

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। राजधानी पटना में पांच फुटओवर ब्रिज के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। परिवहन विभाग पथ निर्माण विभाग के जरिये इसका निर्माण कार्य कराएगा। इसके लिए टेंडर जारी कर दिया गया है।

परिवहन विभाग मंत्री शीला कुमारी की अध्यक्षता में हुई बिहार सड़क सुरक्षा परिषद् की बैठक में इसके निर्माण के लिए बजट अनुमोदित किया गया है। 30 जुलाई को तकनीकी बिड जबकि 12 अगस्त को वित्तीय बिड खुलेगा। कार्य आवंटित होने के बाद चार माह में निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

**सड़क हादसों से भी होगा बचाव :** परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि जांच के दौरान पता चला है कि पैदल यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा के लिए फुट ओवर ब्रिज-अंडर पास का निर्माण किया जाना आवश्यक है। पैदल यात्रियों के लिए सड़क पार करने की सुविधा नहीं होने की वजह से आये दिन लोग सड़क दुर्घटना के शिकार होते हैं। पैदल यात्री सुरक्षित तरीके से सड़क पार कर सकें और उन्हें अधिक से अधिक सुविधाएं मिल सकें इसके लिए सभी फुटओवर ब्रिज लिफ्टयुक्त बनाए जाएंगे।

**कैबिनेट से मिली थी मंजूरी :** पिछले दिनों कैबिनेट से निर्माण प्रस्ताव को मंजूरी मिली थी। यही नहीं निर्माण के प्रस्ताव पर परिवहन मंत्री की प्रशासनिक स्वीकृति और तकनीकी अनुमोदन पथ निर्माण विभाग से प्राप्त हो चुके हैं।

- पैदल यात्रियों को सड़क पार करने में होगी सुविधा
- 30 जुलाई को खुलेगा तकनीकी बिड और 12 अगस्त को वित्तीय बिड



ग्राफिक्स : आलोक कुमार

**04** माह में पूरी होगी योजना कार्य आवंटन के

**यहां बनेगा फुट ओवर ब्रिज**

1. पुनाईचक मोड़
2. चिड़ियाघर गेट नंबर-1 के समीप
3. तारामंडल के समीप
4. भूतनाथ मोड़
5. सगुना मोड़, संत कैरेंस स्कूल के समीप

**यहां फुटओवर ब्रिज में लिफ्ट के साथ एस्केलेटर भी लगाए जाएंगे**

- पटना जू,
- पुनाईचक मोड़
- संत कैरेंस स्कूल, सगुना मोड़ के समीप

**सचिवालय कर्मियों को भी होगी सहूलियत**

बेली रोड में पैदल यात्रियों को सड़क पार करने की सुविधा नहीं होने से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क पार करने में आये दिन लोग सड़क दुर्घटना के शिकार होते हैं। पुनाईचक के पास फुटओवर ब्रिज का निर्माण हो जाने से सचिवालय व विश्वेश्वरैया भवन आने-जाने वाले एवं इसके आस-पास के लोगों सड़क पार करने में काफी सहूलियत हो जायेगी।